भूमि पूजन जहाँ भी जिस जगह करना हो उस जगह पर सवा हाथ का चकौरा चबुतरा रेत से बनाओ। सवा हाथ लम्बा सवा हाथ चौड़ा बनाकर उसके चारों कोनों पर दो–दो हल्दी की गांठ और सवा मुट्ठी आटा और डाभ की जड़ रख दो गंगा जल का छिड़काव करके हवन बगैरा करो और फिर उस जगह पर गाय के पैरों की मिट्टी गाड दो इस विधि से भूमि पूजन पूर्ण होता है कोई भी कभी दोष नहीं हो सकता।

भैंस ब्याना (प्रसूति) सावधानी

जब किसी परिवार के अन्दर पशु या भैंस या गाय की प्रसूति हो उसी समय सवा पाँच मुट्ठी अनाज गेहूं सवा पाँच रु0 उतार कर पीपल के पेड़ पर बाँध दें और जब प्रसूति हो जाय उस गेहूं की गांठ को खोलकर पक्षियों को डाल देवें और सबसे पहला दूध पीपल पर चढ़ा देवें यह विधि करने से गाय भैंस को कोई परेशानी नहीं होगी और न ही कोई दोष लगेगा सही प्रकार दूध देगी।

गाय ब्याना प्रसूति

गाय जब प्रसूति पर हो सतनजा गाय पर उतार गाय के खूटे पर चढ़ा देवें और ब्याति समय उस खूटे से अलग बाँध देवे और बाये पैर में कलावा बाँध देवें और जब गाय की प्रसूति हो जावें उसके बाद

पहला दूध और सतनजा किसी बैल या साँड़ को खिला देवें इस विधि के करने से गाय सुरक्षित और दूध अच्छी प्रकार से देगी पूरे समय में कभी भी परेशानी नहीं आयेगी।

भैस जेर जल्दी डाले

ज्वार का बीज और बाजरा भैंस को ब्याने के तुरन्त बाद खिलावें और गुड़ को पानी में खुद पकाकर खिलावे सुबह शाम दो बार इस विधि को करना है इस विधि के करने से भैंस तुरन्त सुरक्षित हो जायेगी।

भैंस को नजर से बचाने के लिए

जब भैंस ब्यावे उसकी जेर का एक टुकड़ा अपने पास उठाकर रख लें सुखाकर जब भी भैंस को किसी की नजर लगे उसी समय भैंस के सिर से पैरों तक सात बार उतारें और उतारने के बाद राख में साफ करके रख दें जब भी नजर लग जाय यह विधि करनी है। इस विधि से मनुष्य बच्चे को भी नजर झाड़ सकते हैं।

पशु खरीदने से पहले

जब भी आप कोई पशु खरीदना चाहे खरीदने से पहले सोलह पान के जोड़े पशु के घर के किसी खूटे पर बाँध दें और जब पशु लेकर आयें तभी उस पशु पर उतारकर चलते जल में प्रवाहित कर दें जो भी पशु आप खरीदोगे उससे आपकी बहुत उन्नति होगी और न ही कोई अचानक दुर्घटना पशु के साथ होगी।

पशु की बीमारी हेतु

पशु बीमार हो जाय उसको आंवला सुखा लाओ और उसे कूट कपड़छान करके उसे गर्म पानी में पकाकर पिलाओ कोई भी बीमारी हो और दूसरी विधि पाँच तेल के दीपक जलाकर वहाँ पर रखो जहाँ

पशु मरने के बाद जाते हैं उस जगह पर रख आओ और अगर दीपक नहीं जे जा सके तो सवा सौ ग्राम तेल और सवा किलो अनाज उस जगह पर रख आओ ऐसा करने से पशु की बीमारी ठीक हो जायेगी।

खेत की उपज हेतु

सवा फुट के खेत के अन्दर पाँच गड्डे करो प्रत्येक गड्डे में सवा–सवा किलो गेहूं और उतना ही नमक उतना ही मीठा और सात दिन तक उसी गड्डे में तेल का दीपक जलाओ सामान पहले दिन ही चढ़ाओ और पच्चीस किलो मिट्टी गाय के नीचे से गऊशाला में से ले जाकर पूरे खेत में बिखेर दो सात दिन दीपक की विधि करने के बाद यह कार्य करना है और जिस दिन गऊशाला से मिट्टी उठाओ उस दिन सवा ग्यारह किलो अनाज गऊशाला में दे आओ यह विधि करने से खेत की उपज दुगुनी बढ़ जायेगी।

नाव में बैठकर सावधानी के लिए

जब मनुष्य नाव में बैठकर दरियाव पार करना हो उस समय जाने से पहले अपने घर का कूड़े की धूल साथ में ले जाओ और वापिस आकर उस धूल को कूड़े मे मिला दो यह विधि करने से कभी भी खतरा नहीं होगा।

दूसरी विधि–जाने से पहले गाय के पैरों की मिट्टी साथ ले जाओ और वापिस आने के बाद वहीं पर डाल दो और अगले दिन रो रोटी और गुड़ गाय को खिला दो इस विधि के करने से कोई परेशानी नहीं होगी और यात्रा भी सफल होगी।

बस में यात्रा करने के लिए

अगर पति यात्रा करे तो एक मुट्ठी साबुत चावल दो हल्दी की

गांठ अपने पूरे परिवार के हाथ लगवाकर ले जाय और एक घर के अन्दर दीपक जला देवे जाने से पहले दीपक जलने के तुरन्त बाद घर से प्रस्थान करे जो कि वह दीपक चलने के बाद तक जलता रहे यह विधि करने से कभी कोई दुर्घटना या असफलता नहीं मिलेगी।

स्कूटर, मोटरसाईकिल पर यात्रा करने के लिए

पाँच सुपारी में छेद करके अपने साथ रखो और हर शनिवार को एक पान सुपारी पीपल के पेड़ की जड़ों में चढ़ाओ यह कार्य मोटर साईकिल स्कूटर को सदैव करनी है जिससे मनुष्य को कोई दुर्घटना न हो सके और सुबह उठकर पृथ्वी को तीन बार नमस्कार करें यह विधि करने से कभी भी अचानक दुर्घटना नहीं होगी।

काली आँधी को रोकने के लिए

काली आँधी को रोकने के लिए पैतिस चावल के साबुत सात काली मिर्च पाँच लोंग और चूल्हे पर रोटी पकाने वाले तवे को इन सब चीजों पर उलटा रखकर ऊपर से पानी का गोला फोड़ो (नारियल पानी वाला फोड़ दो) और फिर वहाँ से तुरन्त हट जाओ फिर जब आँधी बन्द हो जाय उस तवे को उठा लो बाकि सामान वहीं पर रहने दे। इस विधि के करने से काली आँधी रुक जायेगी।

ओले रोकने के लिए

ओले रोकने के लिए नारियल और तेल का दीया जलाओ उस दीये पर पाँच लोंग चढ़ाओ यह कार्य चूल्हे के अन्दर करनी है चूल्हा साफ करके करना है और दीया चूल्हे में जलाकर पूजा का सामान रखना है और नारियल फोड़ना है। यह विधि करने से ओले बन्द हो जायेंगे।

अन्न पैदा हो जाय सुरक्षित घर पर लाने के लिए

अन्न पैदा हो जाय और बरसात ओले प्राकृतिक आपत्तियों से बचाने के लिए जहाँ पर अन्न पड़ा हो वहाँ पर सवा हाथ का गड्डा करो गड्डे के अन्दर सवा पाव तेल गोला मेहन्दी चुन्दडी लाल और इतर की शीशी एक पान का जोड़ा सात चूड़ी यह सामान तेल के साथ रखो गड्डे के अन्दर रखकर तेल का दीया जला दो ऐसा करने से फसल सुरक्षित घर पर आ जायेगी।

बुढ़ापे में खुश रहने के लिए

बुढ़ापे में खुश रहने के लिए गायत्री मन्त्र का मनन करो सुबह पाँच बजे उठकर अपने बिस्तर में ही गायत्री का मनन करो जो शरीर उठने में परेशानी हो और सुबह एक कोस पैदल चलो और जहाँ रुको एक कोस करे मनुष्य बुढ़ापे में खुश रहेगा और शरीर भी ठीक रहेगा और पुत्र या पुत्र वधु की बात सहन न हो तो अपनी चारपाई के नीचे एक रुपये का सिक्का सात दिन तक पावें के नीचे दबा दो सातवें दिन शनिवार को उसे निकाल कर बहु बेटे के कमरे में रख दो या दरवाजे में लगा दो या फिर अपने आंगन में गाड़ दो जो दिखाई न दे।

मानसिक परेशानी दूर करने के लिए

जीवन में जो मिले तब भी ठीक और न मिले तब भी ठीक क्योंकि मनुष्य को जीवन में सब कुछ मिलकर भी कुछ नहीं मिलता इसलिए पशु का स्मरण करो उसी से मनुष्य को लाभ और जीवन की कमाई होती है। सुबह के समय श्वास को बाहर और भीतर रोक रोक कर छोड़े और ओम का नाम श्वास के द्वारा ले जैसे–जैसे श्वास ज्यादा समय तक रोकोगे उतना ही ज्यादा फायदा होगा जो ऊर्जा

आपके अन्दर शक्ति बनकर आयेगी उससे सांसारिक कार्य सम्पन्न होगे और अगर आप सांसारिक कार्य नहीं चाहते तो प्रभु की तरफ अग्रसर होगे। यह विधि बहुत महत्वपूर्ण और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए है।

टीबी की बीमारी के लिए

बबूल के पेड का गूंद तीन सौ ग्राम पन्द्रह दिन तक और गाय का मूत्र पाँच बूंद सेवन करें यह वस्तु खाते हुए पशु का स्मरण करो शिवलिंग पल जल चढ़ाओ और चढ़ाने के बाद वह पानी जो गिरे शिवलिंग पर जब चढ़ाओ उसे अपने घर पर ले आओ और पूरे दिन के अन्दर पी जाओ ओम शिवाय नमः का जाप करो इतना करो कि आपके श्वास में मिल जाय आप नहीं करो तब भी चलता रहे महसूस हो जाय।

स्त्री ने पुरुष को टोने-टोटके के द्वारा गुलाम बना रखा हो

पुरुष अपने बचाव में पाँच मिठाई रास्ते की मिट्टी गतवाडे की मिट्टी तालाब की मिट्टी और चौराहे की मिट्टी पाँच चूड़ी लाल चुन्नी सिन्दूर अपने ऊपर उतरवाकर या फिर अपने आप उतारकर चलते जल में प्रवाहित कर दे शनिवार के दिन यह कार्य शाम के समय प्रवाहित करना है। इस विधि के करने से पुरुष स्त्री गुलामी से मुक्त हो जायेगा।

नकसीर को रोकने के लिए

जिस मनुष्य के नकसीर नाकों में खून आता हो वह मंगलवार के दिन सीधा लेटकर नाक के अन्दर सरसों के तेल की दो बूंदे डाले और दीवार के नीचे सहारे नीचे को सिर ऊपर को पैर करके तीन चार

बार इस विधि को करे और शनिवार के दिन एक दीया तेल का जलाकर उस तेल में से रूई लेकर धीरे–धीरे गर्म–गर्म माथे पर लगावे पाँच शनिवार यह विधि करें नकसीर ठीक हो जायेगी।

फलों के बाग में फल ज्यादा आने के लिए

फलों के बाग में चारों कोनों पर और एक बीचोबीच में सवा हाथ का गड्डा करें उस गड्डे में हर पेड़ के पाँच पाँच पत्ते डालें और नमक सवा किलो डालें सवा किलो सरसों का तेल डालें सात शनिवार उस जगह पर तेल का दीया जलावें उसके बाद उस सामान को निकाल लें नमक ऐसी वस्तु में रखें जो मिट्टी में न घुले साबुत मिल जाय फिर इस सामान की छोटी–छोटी पुड़िया बना लें और पुड़िया बनाकर कपड़े की उतनी गांठ बना दें जो कि बाग के अन्दर जितने भी पेड़ हो सब पर बाँधी जा सके ज्यादा बड़ा बाग हो तो सामान उतना ही अधिक कर ले इस विधि से बाग में फल अधिक आयेंगे।

धार्मिक स्थल पर जाने से पहले यात्रा शुभ और लाभकारी होने के लिए

धार्मिक स्थल पर जाने से पहले गुड़ और चना बन्दरों को खिलावें दिन चाहे कोई भी हो जितनी सामर्थ हो उतना खिलावें और अपने चूल्हे की राख साथ ले जाय और धार्मिक स्थल पर छोड़ दे या फिर राख न मिलें तो बरतन के तले की राख ले जावें और सब बच्चों सब परिवार के सदस्यों से एक–एक मुट्ठी गेहूं ले जावे और जाने के बाद स्थल पर छोड़ दें जहाँ के लिए यात्रा पर गया हो यदि गंगा जी पर जाये तो नहा धोकर गंगा में प्रवाहित कर दें। ऐसा करने से पूरे परिवार की यात्रा पूर्ण हो जाती है। एक सदस्य के जाने से ही यह कार्य पूर्ण हो जाता है।

माता–पिता का आशीर्वाद पाने के लिए

माता–पिता का आशीर्वाद पाने के लिए हर अमावस्या को अपने माता–पिता कोजल से नहलाओ और पूर्णमासी को खीर खिलाओ और अपने हाथों से खर्चा करके पित्रगणों को गंगाजल को छींटा माता–पिता के हाथों से लगवाओ यह कार्य अपने हाथों से करवाओ अमावस्या को घी के दो दीये जलवाओ और साल के अन्दर अमावस्या के दिन माता–पिता को गंगाजी पर नहावाओ या वहाँ से जल लाकर नहलाओ यह विधि करने से माता–पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

सदा सुहागन रहने के लिए

सदा सुहागन रहने के लिए सुबह पृथ्वी को तीन बार नमस्कार करें और पूर्णमासी को शिव पार्वती का व्रत करें और शिवलिंग पर ज्योत जलावें दूध जल चढ़ावें पूर्णमासी को सत्यव्रत करें सात्विक प्रवृत्ति रखें कोई भी जुवान से अपशब्द न बोले सात्विक भोजन करें गाय को भोजन करायें सास–ससुर का आदर करें और उन्हें नमन करके खाना खिलायें यह विधि करने से नारी सदा सुहागन रहेगी।

जानवर जिसमें मनुष्य डरता हो दूर भगाने के लिए

ॐ प्रणव: कहकर चारों दिशाओं में पाँच पाँच तेल के दीये जलाओ यह कार्य समूह के समूह मनुष्यों के लिए करो जिससे जानवर का सबको आने का डर हो सवा–सवा हाथ के चारों दिशाओं में गड्ढे खोदों उन पर लाल चुन्नी टांग दो। किसी सवा आठ फुट के डण्डे के अन्दर बाँध दो और फिर ॐ प्रणव: कहकर आ जाओ इस विधि को करने से कोई भी जानवर नहीं आयेगा जिससे मनुष्यों को डर लगता हो।

अचानक पंचायत में फैसले के लिए

अचानक मनुष्य को पंचायती फैसले में जान पड़े और वहाँ पर फैसले में बैठना पड़े उसके लिए पीपल की जड़ों में जोत जलाकर कोय को दाना डाल दीजिए जो कोया खा सके और चले जाइये जो मनुष्य ऐसा करके जायेगा उसी का फैसला सुना जायेगा इज्जत मिलेगी फैसला करके ही आयेगा।

पुत्री के लिए ससुराल वाले दहेज न माँगे

जब भी ससुराल वाले दहेज का तगाजा करें तभी कोय को दाना डालो और कोय का पंख अपने पास रखो, पंख का असर इतना ज्यादा होगा कि ससुराल वाले कभी भी दहेज के लिए पुत्री को तंग नहीं करेंगे एक पंख पुत्री के पास रख दो और शनिवार को एक तेल का दीया जलाकर उस पंख को पाँच बार उस पर फिरा ले किसी को दिखने न दें और न किसी को बताये अगर बता दिया तो उसका असर खत्म हो जायेगा या फिर किसी ने देख लिया पति को भी नहीं बताना है।

चोरी को रोकने के लिए

अपने घर के सामने दो सवा-सवा हाथ के डण्डे गाड़ो ऐसे पेड़ से लाओ जो पेड शमसाण के पास खड़ा हो और पाँच दिन तेल का दीया जलायें और कहें कि हमारी रक्षा करें वह रक्षा अवश्य करेगा चोरी कभी भी नहीं होगी और जब चोरी का डर न रहे तो उन डण्डों को झाड़कर जमीन से जल में प्रवाहित कर दें। इस विधि के करने से चोरी कभी नहीं होगी।

खेतों में चोरी रोकने के लिए

यदि खेत में चोरी होने का डर हो उसके लिए जमीन के चारों दिशाओं में चार गड्डे करें और एक गड्डा बीच में सवा हाथ का कर

उसमें सवा पाँच हाथ का डंडा बबूल के पेड़ का गाड़ें उस पर चुन्नी पाँच लौंग दो हल्दी की गांठ और गुड़ पाँचों डंडों पर सवा किलो अलग–अलग बाँध दें और उनके सामने शनिवार के दिन एक–एक तेल का दीया जला देवें। इस विधि के करने के बाद चोरी नहीं होगी।

खेतों को पशुओं से बचाने के लिए

खेतों को पशुओं से बचाने के लिए जहाँ पर पशु की हड्‌डी पड़ी हो उसे उठाकर ले आओ और अपने खेत के उस कोने पर गाड़ दो जहाँ पर से पशु घुसते हैं ऐसा करने से पशु खेत को नहीं खायेंगे, आयेंगे परन्तु खायेंगे नहीं वापिस चले जायेंगे।

अधर्मी मनुष्य से बचने के लिए

सवा मुट्‌ठी साबुत उड़द काले कपड़े में बाँधकर और उस मनुष्य का नाम कपड़े पर लिखकर काले कोय का पंख भी बाँध दो और हर शनिवार उसके सामने अधर्मी का बचने का भाव रखकर तेल का दीया जलाओ पाँच शनिवार जलाओ और फिर उस गठरी को अपने दरवाजे के पास टांग दो सदैव के लिए अधर्मी हट जायेंगे।

गन्ने की फसल अधिक होने के लिए

गन्ने का रस जब निकलता हो उस रस में से एक मिट्‌टी का बना हुआ मटका भर लो और उसी जमीन में गाड़ दो जिसमें गन्ना खड़ा हुआ है और जब गन्ने में दूसरी बार बढ़ोत्तरी होने लगे गन्ने में कोई–कोई आंख दिखने लगे तभी उस मटके के ऊपर सात दिन तेल चढाओ सवा सौ ग्राम और काले तिल चढ़ाओ और एक दीया तेल का जलाओ उसके बाद जब सात दिन हो जाय उसको उखाड़ कर पूरे खेत में मशीन के द्वारा छिड़काव करा दो अपने दिमाग के मुताबिक यह कार्य करना है ज्यादा या कम जितना खेत हो उसी के हिसाब से रस रखना है।

कोयले का व्यापार करने के लिए

कोयले का व्यापार करने वालों के लिए अपने हाथ का कड़ा बनवाओ कड़ा लोहे का होना चाहिए और सात शनिवार के लिए कड़े का पीपल के ऊपर रख दो और उसके अन्दर उड़द रख दो उड़द सवा सौ ग्राम होने चाहिए काले कपड़े में उड़द बांधो और कड़ा बांधो पीपल पर टांग दो और उस पीपल पर सात शनिवार तेल का दीया और काले तिल चढ़ाओ जब सात शनि पूर्ण हो जाय पहले पीपल पर ज्योत जलाओ फिर प्रसाद चढ़ाओ और कहो कि पीपल देव मैं कड़े को लेने आया हूँ आप मुझे इसे लेने की आज्ञा दे और वरदान दे कि मैं इसको पहनकर कोयले का कार्य करूं और धन धान्य हो जाऊं यह विधि करने से और कड़ा पहनने से बहुत लाभ होगा कड़ा दाये हाथ में पहनना है।

लोहे का व्यापार करने के लिए

लोहे का व्यापार करने के लिए जमीन के अन्दर सवा हाथ का गड्डा खोदो और उस गड्डे में नाव की बड़ी कील पाँच दबा दो इक्कीस दिन तक तेल छोड़ो पच्चीस ग्राम रोजाना और पाँच लोंग चढ़ा चढ़ाकर तेल का दीपक जला दो जब इक्कीस दिन पूर्ण हो जाय उसे उखाड़ने निकालने से पहले कहो कि हे धरती माता मुझे वरदान दो और ये कील ले जाने की आज्ञा दो और वरदान दो कि मैं लोहे के कार्य में तैर सकूं और धन धान्य हो सकूं ऐसा कहकर कील ले आओ और उनकी अंगूठी बनवाकर पहनों और बाकि घर में रख दो दाये हाथ की बड़ी अंगूली में अंगूठी पहनो और एक कड़ा कड़े में धागे में बाँध कर टांग लो कपड़ों के अन्दर रहनी चाहिए।

भट्टा ईंटों का व्यापार करने के लिए

भट्टे के कार्य के करने के लिए जब भट्टे का कार्य करो नौ–नौ ईंट नौ मन्दिरों में दान करो और जहाँ भी दान करो वहाँ पर

पाँच मिठाई पाँच फूल चढाओं और एक दीया जलाओ जब वहाँ से चलो तभी वहाँ की मिट्टी उठाओ और अपने साथ ले आओ और जब मिट्टी लेकर आ जाय भट्टे पर सवा हाथ का गड्डा करो भट्टे की उत्तरी दिशा में और उस गड्डे में उस मिट्टी को डाल दो और फिर उसे चारों तरफ से नौ ईंटों से पक्का करवा दो फिर उसमें हर शनिवार तेल की ज्योत जलाओ और उस मिट्टी पर पच्चीस ग्राम तेल छोड़ो जिससे उस मिट्टी में जा सके अगर किसी शनिवार को मजबूरी में रह भी जाय तो कोई बात नहीं उस पर एक लाल झंडा भी लगवा दो इस विधि के करने से भट्टे पर कभी भी हानि नहीं हो सकती बढ़ोत्तरी अवश्य होगी धन–धान्य पूर्ण हो जायेगा।

पशुओं को मरने से रोकने के लिए

पशुओं के अचानक मरने से मनुष्य दुखी हो जाता है इसलिए मिट्टी के चार छोटे बर्तन लेकर जिसमें सवा सौ ग्राम तेल आ जाय ऐसा बर्तन होना चाहिए और उस बर्तन को हटवारे में चारों कोनों पर रख दें जहाँ पर पशु दबाये जाते हैं और चारों दिये जला देवें और सीधे घर आ जावे, और अपने पशुओं के सिंगों पर तेल लगावें जब तुम्हें खतरा हो जब खतरा समाप्त हो जाय तब जहाँ पर आपने दिये जलाये थे वहाँ पर सवा किलो गुड़ रख आईये। यह विधि करने से पशु अचानक नहीं मरेंगे।

पुत्री की शादी से पहले

पुत्री की शादी से सवा महीने पहले सवा मुट्ठी चावल सवा मुट्ठी चीनी सवा पाँच रुपये और हर इतवार को दो घी के दीये जलाने हैं और लड़की के हाथों से माता पार्वती के पाँच सोमवार के व्रत करने हैं और अपने हाथों से शिवलिंग की पूजा करनी है ऐसा करने से लड़की को ससुराल में इज्जत मिलेगी।

पुत्र की शादी से पहले

पुत्र की शादी के लिए शनिवार के दिन पाँच जायफल अपने ऊपर सात बार उतार कर पीपल पर चढ़ावें और सोमवार के पाँच व्रत प्रभु शिव के करें ऐसा करने से पत्नी अच्छे स्वभाव की मिलेगी और ससुराल भी अच्छी मिलेगी।

पुत्र की शादी करने हेतु

गंगा जी में सबसे पहले दिन लड़के या लड़की से सवा रुपया और सवा मुट्ठी आटा चीनी यह सामान गंगा या यमुना में चढ़ावें और पाँच दिन तक रोज नहावें यह विधि करने से शादी का कार्य पूर्ण सम्पन्न हो जायेगा।

बैराग्य होने पर महात्मा बनने से पहले

सोमवार के इक्कीस व्रत करें और ॐ नम: शिवाय का मनन करें और अपने घर में एकान्त में बैठकर ध्यान करें मन को अपने वश में करने का प्रयास करें जब साधक को यह महसूस हो जाय कि मैं मन वश में कर सकता हूँ और दूसरी साधना साधक को रात को एक घी का दीया जलाकर अन्धेरा करके उसके सामने एकटक देखता रहे उससे मन एकल होने का आभास होगा और साधना में मन लगने लगेगा।

मानसिक तनाव में घर छोड़ने से पहले भटक न सकें

मनुष्य जब घर छोड़ना चाहे सब कुछ से नफरत आ जाय बरबाद होने से और धक्के खाने से अच्छा बैराग्य ले ले उससे अच्छा जगत में और सब मित्थ्या है और कहीं धार्मिक स्थल पर जा पहुँचे और साधना करे अगर ऐसा करे तो अच्छा है वरना अगर धन की वासना

में घर से निकलना चा!हे तो व्यर्थ है क्योंकि मनुष्य को भाग्य और समय से पहले कभी कुछ नहीं मिलता अगर मिलना हो तो घर से ही कारण अपने आप बन जाता है। इसलिए अगर परिवार रहने का सबसे पहला मार्ग और दूसरा मार्ग प्रभु की शरण में जाने का है तीसरा मार्ग घर से निकल कर बरबाद होने का है।

ससुराल में झगड़ा हो जाने से पहले

अगर ससुराल में झगड़ा हो गया हो और आपको जाना पड़े तो अपने घर की कूड़े की मिट्टी उठाकर ले जाओ और पाँच लोंग जेब के अन्दर डालकर ले जाओ जब ससुराल पहुँच जाओ घर के बाहर छोड़ दो और कूड़े की धूल को अपने पास रखो बाद में साथ ले आओ और उसी धूल में मिला दो। यह विधि करने से झगड़ा का निपटारा हो जायेगा और आपकी इज्जत भी रह जायेगी।

गाँव में झगड़ा न हो का निवारण

गाँव के अन्दर आपके साथ कभी भी किसी के साथ झगड़ा न हो इसके लिए गाँव के भुमिया पर एक वर्ष में लगातार सात दिन दूध और पेड़े चढ़ाओ कोई साल वर्ष का समय हो एक वर्ष के अन्दर कभी भी इस विधि को कर सकते हैं और एक दीया घी का भी जलाना है और सात दिन तक साँड को भी मीठा भोजन कराना है जितने दिन भूमिया पर दूध और पेड़े चढ़ाओ उतने ही दिन साँड को भी खिलाओ यह विधि करने से गाँव के अन्दर शान्तिपूर्वक रहो आपको सब प्यार करेंगे।

गाँव में तालाब का टोटका

मनुष्य के परिवार में कभी–कभी अचानक बड़ों बच्चों में बीमारी हो जाती हे और डाक्टर या कोई भगवान का भगत भी न हो उस समय आप बीमार पर एक मिट्टी का बड़ा दीया तेल का उतार

कर और आटे का हलवा बनाकर तालाब पर रख दो तुरन्त ठीक हो जायेगा। यह विधि कोई भी शारीरिक बीमारी होने के लिए भी कर सकते हैं जो बीमारी अचानक होती है और कोई रास्ता न मिले।

गतवाडे का टोटका

मनुष्य के परिवार में कोई अचानक बीमारी हो जाय बच्चे बूढ़े जवान के शरीर में, तभी तुरन्त गोबर पर बीमार के शरीर के ऊपर सात बार उतार पर दिया तेल का रखो और दीये के चारों तरफ आटे से लाईन बना दो यह विधि करने से ऊपरी दोष दर्द अचानक हो जाय निवारण करो।

चौराहे का टोटका

मनुष्य जब बीमार हो जाय और ऊपरी हवा ऊपरी आत्मा का डर हो या शक हो कि ऐसा ही है तभी सात दिन तक चौराहे पर ढाई सौ ग्राम उड़द उबाल कर और तीन लड्डू और पाँच मीठे पूड़े रखो यह सात्विक विधि है इसके करने से कोई बुराई नहीं है करोगे तो सुख पाओगे बीमार आदमी सात दिन के अन्दर ठीक हो जायेगा और करने वाला परेशान हो जायेगा परन्तु बदले की भावना मनुष्य को कभी नहीं रखनी चाहिए क्यों जो जगत में आया है जो जैसा करेगा उसे उसका फल अवश्य मिलेगा यह सत्य वाणी है।

चलते-चलते रात हो जाय सुरक्षित जगह रुकने के लिए

जब मनुष्य यात्रा में जा रहा हो और रात हो गई है और आपके दिमाग में रुकने की अनजान जगह रात काटने की बात उठे उसी समय अपने पैरों के नीचे से मिट्टी उठाओ और अपने किसी भी कपड़े के कोने में रखकर गांठ मार दो और फिर किसी के भी घर में जाओंगे

वहाँ पर ही इज्जत मिलेगी निराश न हो।

बोझा ढोने वाली मजदूरी करे शरीर ठीक प्रकार से रहने के लिए

जो मनुष्य रात दिन मजदूरी करता है रिक्शा चलाता है उसका शरीर टूट जाता है और सम्पूर्ण जवानी बुढ़ापे में बदल जाती है क्योंकि इस तरह का मनुष्य भाग्य से दरिद्र होता है परन्तु दुख इस बात का है कि पूर्व जन्म में उसने ऐसे ही कर्म किये हैं इसका भुगतान तो सुखीमन से ही चुकाना होगा इसमें कुछ तबदिली आ भी सकती है अगर वह मनुष्य अपने पूर्व के कारण जो दुख झेल रहा है उससे डर कर प्रभु शिव का मनन करे और बहत्तर फुट जमीन के नीचे का निकला हुआ जल पिये क्योंकि उस जल में वे सब कुछ पाया जाता है जो मनुष्य को स्वस्थ शरीर रखने बीमार न होने के लिए चाहिए। यह विधि करने से स्वस्थ भी रहोगे और पूर्व के घटित कर्मों का भी भुगतान होगा और आगे कर्म सुधरेंगे।

पूरब दिशा में यात्रा करने के लिए

पूर्व दिशा में यात्रा करने के लिए जिस दिन यात्रा करें उसी दिन सुबह तुलसी की पूजा करें पूजा में पाँच पताशे और जल चढ़ावें और पाँच पत्ते तुलसी के साथ लेकर यात्रा करें और वापिस आकर पाँचों पत्ते वापिस तुलसी पर चढ़ा देवें। इस विधि के करने से पूर्व दिशा में यात्रा करनी शुभ रहेगी।

पश्चिम दिशा में यात्रा करने के लिए

पश्चिम दिशा में यात्रा करने के लिए अपने नजदीक पीर के दर्शन करो और उसके नाम के पाव चावल चीनी सवा पाँच रुपये अपने हाथों से रखों और यात्रा करने के बाद वीरवार के दिन मीठे

चावल बनाकर पीर के दरबार में चढ़ावे इस विधि के करने से पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ और लाभकारी रहेगी।

उत्तर दिशा में यात्रा करने के लिए

उत्तर दिशा में यात्रा करने के लिए गंगाजल में सवा पाँच रुपये डालकर अपने हाथों से अपने घर में रख दो, रखने के बाद अपने मुख से बोलो कि हमारी यात्रा पूर्ण होगी तो मैं आने के बाद इस जल को शिवलिंग पर चढ़ा दूँगा, यह वाक्य बोलने के बाद उस गंगाजल को सुरक्षित रख दो, इस विधि के करने से उत्तर दिशा की यात्रा शुभ और लाभकारी रहेगी।

दक्षिण दिशा में यात्रा करने के लिए

दक्षिण दिशा में यात्रा करने के लिए पाँच सुपारी पीपल पर चढ़ावे और साथ में जल चढ़ावें और संकल्प करके कहें कि हे पीपल देव मैं दक्षिण की यात्रा पर जा रहा हूँ मेरी यात्रा सफल बनाना मैं आने के बाद पाँच लड्डू चढ़ाऊंगा इस प्रकार पीपल पर कहकर आप यात्रा करो यात्रा शुभ और लाभकारी रहेगी।

पत्नी से झगड़ा हो जाय शान्ति करने के लिए

जब पत्नी से किसी कारण झगड़ा हो जाय तभी अपने घर के चूल्हे में गाय का सवा 25 ग्राम दूध पत्नी का हाथ लगवाकर जलती अग्नि में चूल्हे के अन्दर प्रवाहित कर देवें झगड़ा तुरन्त शान्त हो जायेगा गृहस्थी जीवन में ऐसी परिस्थिति आती जाती रहती है, इस विधि के करने से झगड़ा तुरन्त रुक जायेगा और पत्नी के अन्दर शान्ति प्रवाह बहने लगेगा।

माता–पिता से झगड़ा हो जाय तुरन्त शान्ति करने के लिए

अगर माता पिता से झगड़ा हो जाय तो अपने हाथों से सवा किलो गेहूँ अपने घर से लेकर और अपने माता–पिता के हाथ लगवाकर और यदि हाथ न लगवा सकें तो उसके आगे को ले जाकर और सवा सौ ग्राम गुड़ इन दोनों को आधा–आधा करके गाय को आधा खिलावे और आधा सांड को खिलावें इस विधि के करने से झगड़ा तुरन्त बन्द हो जायेगा।

दूसरे देशों में जाने से पहले

दूसरे देश में जाने से पहले कम से कम ग्यारह दिन पहले सवा किलो जौ और सवा किलो गौचनी गुड़ और चना मिलाकर गाय और सांड को प्रतिदिन खिला देवें ग्यारह दिन तक सुबह एक बार खिलावें और जो को जमीन या गमने के अन्दर बो देवें ग्यारहदिन तक उन्हें जल देते रहें ग्यारह दिन में जब ग्यारहवां दिन आवे उन्हें गाय और सांड को खिला देवें उसके बाद सवा सौ ग्राम गुड खिला देवें। इस विधि के करने से दूसरे देश में जाकर इज्जत और धन दोनों मिलेंगे।

पुत्री की ससुराल जाने से पहले

पुत्री की ससुराल जाने से पहले पाँच दिन गाय को दो रोटी और गुड़ प्रतिदिन खिलाओ और जाते समय एक दिन का गाय का भोजन रख जाओ जो वापिस आने के बाद खिलाना है इस विधि के करने से पुत्री भी खुश मिलेगी और आपकी बात अगर आपकी अपनी पुत्री के हक में बोलनी हो वह भी बोलने से पूर्ण होगी जिससे पुत्री को कोई परेशानी और दुख न हो सके।

पुत्र की ससुराल जाने से पहले

पिता को पुत्र की ससुराल जाने से पहले (गौचनी) गुड और चना दोनों को आपस में मिला लेवें कम से कम दो सौ पचास ग्राम के बराबर होना चाहिए इसको साथ लेकर जाओ और जब गाँव या शहर से बाहर निकले भूमिया पर चढ़ा देवें। इस विधि के करने से ससुराल में इज्जत मिलेगी और कोई बात करनी है वह बात स्पष्ट शब्दों में कही जा सकेगी परन्तु न्याय धर्म के अनुसार ही बात मानी जा सकेगी।

इम्तहान देने से पहले

लड़के–लड़की बड़ी कक्षा में पढ़ते हैं और उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है परन्तु सफलता नहीं मिलती है उसके लिए निवारण, पाँच गेंदे के फूल लेकर अपने माथे से छुआ कर पाँच बार अपने माथे से लगाओ और वह फूल शिवलिंग पर प्रतिदिन रखकर आओ ऐसा करने से लड़का या लड़की इम्तहान में जरुर पास होंगे और यदि इस कार्य विधि को सदैव करें तो कभी भी फैल नहीं होंगे और पढ़ाई में अपने आप मन लगेगा।

बड़े अफसर का इम्तहान देने से पहले

जब लड़का पढ़कर पूर्ण हो जाता है तभी वह अपनी पढ़ाई की महत्वपूर्णता हासिल करने के लिए दौड़ने लगता है परन्तु जो इम्तहान होता है उसमें पास होने में कठिनाई होती है इसलिए इम्तहान देने से पहले छः वर्ष की कन्याओं को ग्यारह दिन पहले पाँच कन्याओं को मीठा भोजन कराओ ग्यारह दिन तक। जाने से पहले अगर दूरी पर जाना है तो उसी हिसाब से ग्यारह दिन तक करा कर जाओ और जब भोजन कराओ तभी उन कन्याओं के पैरों को चरणों को स्पर्श जरूर करें और अपने मन में भाव रखे कि मेरा कार्य इम्तहान उत्तीर्ण हो और मैं सदैव इसी प्रकार कन्याओं को भोजन कराऊँ। यह कार्य विधि करने

के बाद तुरन्त चले जाओ प्रभु तुम्हारी रक्षा करेंगे।

सेना में भर्ती होने हेतु

सेना में भर्ती होने के लिए छः वर्ष की पाँच कन्याओं को भोजन कराओ जाने से पाँच दिन पहले यह दान शुरू कर दो और भोजन कराकर सवा रुपया दक्षिणा दें जिससे कन्यादान पूर्ण हो सके फिर बाद में कन्याओं के पैर स्पर्श करें और उन कन्याओं के हाथ से एक–एक मुट्ठी चावल ले लें अपने रुपये से खरीद कर लाने हैं। कन्यायें उन्हें अपने हाथों से दें पाँच मुट्ठी अन्तिम दिन लेकर लाल कपड़े में गांठ बांध दें और अपने साथ ले जाय भर्ती होने के बाद उन चावलों को पक्षियों को खिला दें इस विधि के करने से सेना में भर्ती जरूर हो जायेगी।

पुलिस में भर्ती होने हेतु

पुलिस में भर्ती होने के लिए हर मंगलवार के दिन काले चले उबालकर सवा किलो और हलवा दोनों को एक जगह करके भूखे मनुष्य को खिलाने हैं जब भर्ती होने में पाँच सप्ताह रह जाय तभी मंगलवार से शुरू कर दें भर्ती होने से पहले पाँच मंगलवार पूरे होने चाहिए और जिस दिन पाँचवां मंगलवार हो उस दिन किसी भी भूखे मनुष्य से खाना खिलाने के बाद कहो कि मुझे अपने हाथों से कोई भी चीज दे दो कुछ भी नहीं हो देने के लिए मिट्टी भी उठा कर दे दें वह ही ले लेनी चाहिए और उसे अपने साथ सफेद कपड़े में बाँध कर रखो और उसे अपने साथ सफेद कपड़े में बाँधकर रखो और भर्ती के द्वारा जो भी कार्य हो उसे साथ रखना और जब भर्ती हो जाय उस चीज को चलते पानी में प्रवाहित कर देना चाहिए। इस विधि के करने से पुलिस में भर्ती अवश्य होगी।

मृत्यु पर शमशान जाने से पहले

जब किसी नर–नारी की मृत्यु हो जाये और आपको शमशान भूमि में जाना पड़े तभी से आप महामन्त्र का मनन करते हुए जाना है और चिता के चारों तरफ पाँच बार घुमकर पाँच गायत्री मन्त्र बोलने हैं और कहना है कि हे प्रभु इस मनुष्य को जन्म लेना पड़े तो इसे ज्ञान जरूर देना जो कि यह मनुष्य जीवन का गूढ़ रहस्य जान सके जिससे इसे बार–बार इस मृत्यु लोक में न आना पड़े ये शब्द कहकर हाथ जोड़कर नमस्कार करो और आकर नहा–धोकर अपने परिवार में रहो।

भैंस गर्भ धारण न करती हो

भैंस के ऊपर से सात गुड़ की डली सात बार उतार कर सात कोस दूर जाकर भैंस को खिला दो और वापिस घर आकर जहाँ आपने भैंस को गुड़ खिलाया है उसके नीचे की मिट्टी लाकर भैंस के नीचे डाल दो यह विधि करने से भैंस गर्भ धारण हो जायेगा।

भैंस गर्भ धारण होने के लिए सवा किलो आंवला कच्चा ख्लिाओ और तालाब के ऊपर पाँच ज्योत जलाकर तालाब पर रख दो यह विधि करने से भैंस गर्भ धारण हो जायेगी।

गाय गर्भ धारण न करती हो

गाय गर्भ धारण होने के लिए गौशाीला में जाकर सांड को गाय के ऊपर से उतार सवा सौ ग्राम सरसों का तेल और सवा सौ ग्राम चीनी खिला दो और जिस जगह सांड का खूंटा हो उस जगह की मिट्टी ले आओ या फिर कही पर सांड खड़ा हुआ हो उसे खिलाकर उसके नीचे की मिट्टी ले आओ। इस विधि के करने से गाय गर्भ धारण हो जायेगी।

मनुष्य कोई भी परेशानी हो दूर करने के लिए

सुबह या शाम के समय श्वांस को ऊपर खींचो और सांसारिक सोच को अलग कर दो एकान्त हो जाओ और श्वांस पर ध्यान रखो जब श्वांस आये तब भी ध्यान रखा जाय जब भी ध्यान रखो आते जाते रहने दें कुछ मत सोचों आप फिर अपने अन्दर आन्त्रिक संकल्प करो जो हे ईश्वर हे सर्वशक्तिमान मुझे शक्ति दो और मेरे सांसारिक कार्य करो इस अवधि में आपके अन्दर जो ऊर्जा का श्रोत बढ़ेगा उसी से आपके रूके हुए कार्य बन जायेंगे।

सफर करते हुए उल्टी रोकने के लिए

सफर करते समय उल्टी न लगे कोयले को पीसकर उसे मूली से सेवन करो यात्रा पर चलने से एक घंटे पहले यह कार्य करना है और जामुन की लकड़ी का कोयला होना चाहिए और उसे पीसकर रखे और उसे यात्रा में साथ रखें कच्चा दिल हो तुरन्त इसे मुंह के अन्दर डाल दें इस विधि के करने से उल्टी नहीं लगेगी।

एलरजी छींक न आना

जिस नर–नारी को एलर्जी और धूल से छींक आती हो उसे हींग का सेवन ज्यादा मात्रा में करें और नहाने से पहले कान में रूई डालें फिर रूई को निकाल दें और हींग सरसों के तेल में पकाकर कान और नाक के अन्दर दो दो बूंद डालें यह विधि करने से एलर्जी छींक आनी बन्द हो जायेगी। यह विधि लगातार तीन दिन करनी है और फिर एक सप्ताह में दो बार डालिए।

बाल झड़ने का टोटका

बाल झड़ने के उपाय बालों का झड़ना शरीर के अन्दर पेट की

कमी और मानसिक तनाव के कारण होती है बालों के लिए शहद और प्याज का पानी मिलाओ और पूरे बाल कटवाकर सिर की मालिस करो इस विधि के सवा महीने करने से बालों का गिरना बन्द हो जायेगा और बाल नये निकल आयेंगे और घने हो जायेंगे। नारी भी इस कार्य विधि को कर सकती हैं। दूसरी नारी से हाथ की अंगूलियों के द्वारा सिर में मालिस करायें।

जड़ी–बूटी मनुष्य की बीमारियों के इलाज के लिए प्रभु के द्वारा प्रगट होना

नर के अन्दर बच्चा पैदा करने के लिए शुक्राणु जीवित करना-

वट वृक्ष के फलों को सूखाकर कूटनी है, चमेली की जड़, डाभ घास की जड़ इन तीनों चीजों को मिलाकर कूट छान कर गाय के दूध या घी के साथ इकहत्तर दिन तक सुबह शाम सेवन करें।

बवासीर के लिए-अमरूद भुना हुआ पका हुआ केला दोनों को मिलाकर शहद से खायें।

दवा की मात्रा-खूनी बवासीर–भांग की जड़ शहतूत का रस या पत्ते दूधि जो जमीन में फैली हुई पानी के किनारे मिलती है इन सबाके सूखाकर दूध के साथ खानी है।

बुखार-तुलसा के पत्ते जामुन की गिरी पानी में उबालो दोनों समय पिलाओ।

सिर में दर्द-नीम की निंवबोली और शकरकन्द की जड़ सुखाकर एक जगह कूट हो, शहद से सेवन करो।

पीलिया रोग-देशी बबूल की छाल को कूटकर कपड़ छान करके शहद के साथ एक चम्मच सुबह शाम खाओ।

लीवर कमजोर होने के लिए-बबूल की छाल कूटकर कपड़छान

कर शहद के साथ खाओ दिन में दो बार।

नींद न आना-साबुत देशी काले चने उबालकर सुबह शाम में सेवन करें और ॐ नाम का जाप करें।

नींद ज्यादा आना-गौमूत्र का सेवन करो, मीठा कम खाओ।

मोटापा कम करना-गौमूत्र को पानी में उबालकर सुबह खाली पेट सेवन करो।

पेट के अन्दर कीड़े-नीम की छाल और सुखा आंवला कूटकर कपड़छान करके सुबह शाम सेवन करो।

सिर में दर्द-नीम की निंबोली और शकरकन्द की जड़ को सुखाकर एक जगह कूट छान कर सेवन करो, सुबह बिना खाये पिये और सोते समय सेवन करें।

पीलिया रोग-देशी बबूल की छाल को कूटकर कपड़छान करके शहद के द्वारा प्रयोग करो।

पेट में दर्द-ज्वासर का बीज भुना हुआ जौ इन दोनों को एक जगह कूटकर काला नमक मिलाकर सुबह शाम सेवन करें एक एक चम्मच।

याददाश्त कम हो जाना-जामुन की गिरि और मूली सुखाकर एक जगह कूटकर आंवले के मुरब्बे से सेवन करें।

मसान रोग-बबूल की छाल और बाड़ी कपास के पेड़ के पत्ते सुखाकर दोनों को कूटकर उसको एक जगह मिला दो और सुबह शाम रात को तीनों समय सेवन करें और बबूल के पेड़ के नीचे ग्यारह दिन तक तेल का चिराग जलायें।

टीबी-बबूल पाँच ग्राम छाल मैथी पचास ग्राम ज्वार पचास ग्राम चना पचास ग्राम पीपल की छाल इन सब छालों को एक जगह कूटकर शहद को पका कर शहद के द्वारा तीन समय सेवन करें।

स्वप्न दोष-नीम की निबोंली पीपल का पत्ता दोनों को एक जगह कूटकर कपड़छान करें और गाय के घी के साथ सेवन करें खाना नमक का होना चाहिए।

पेट में गैस बनना-हींग, आंवला, लहसुन, इन तीनों चीजों को कूटकर एक जगह मिलाकर काले नमक के साथ सेवन करें।

हाई बल्ड प्रेशर-मौसमी का छिलका चुकन्दर दोनों को सुखाकर दोनों को पीसकर कपड़े में बाँध कर गर्म पानी चढ़ाकर उसमें कपड़े वाली गांठ डूबो दो और उस पानी का सेवन करो और उस गांठ को माथे पर बार–बार लगाओ। इस कार्य विधि के करने से हाई बल्ड प्रेशर नहीं होगा।

चेहरे या आँखों पर काले दाग या चेहरा आँखों पर छाई होने के लिए निवारण-मौसमी के छिलके कूटकर उसमें अदरक और शहद मिलाओ और सुबह शाम सेवन करो और शहद और अदरक का पानी (रस) चेहरे पर रात को लगाकर सो जाओ।

पित्त ज्यादा बनना-कम खाना और सुबह पाँच गिलास पानी पीना और नीम की दातुन करके उसका रस अन्दर ले जाना उसे थूकना नहीं चाहिए। इस विधि के करने से पित्त नहीं बनेगा।

खून की कमी होना-हरी सब्जियों का अधिक सेवन करना, दूध का सेवन अनिवार्य करना, आंवला और शहद का सेवन रोजाना दो–दो चम्मच करें।

जोड़ों का दर्द-हींग और धनिया के तेल को एक जगह मिलाकर मालिस करें ऐसा करने से दर्द बन्द हो जायेगा।

दमा सास फूलना-बड़ी इलायची के बीज रोजाना सेवन करो।

अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा

पुस्तक प्राप्ति स्थान-

श्री गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर (अखाड़ा)

अपर रोड, हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड) फोन : 01334-226583

www.yogigorakshnath.org e-mail : media@yogigorakshnath.org

सिद्ध योगी बाबा मस्तनाथ आश्रम

मठ अस्थल बोहर, तह॰ जिला-रोहतक (हरियाणा)

नाथ सम्प्रदाय के उत्कृष्ट प्रकाशन

पुस्तक सूची (हरिद्वार से प्रकाशित)	लेखक/संचालक	मूल्य
1. श्री नाथ रहस्य (खण्ड-1, 2, 3) (सम्पूर्ण शाबर मन्त्र तन्त्र नित्यकर्म इत्यादि विधि विधान का विवरण ग्रंथ (हिन्दी)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	180/-
2. श्री नाथ रहस्य (खण्ड-4) श्री नाथ सिद्धों की शंखढाल (योगमाया पूजन पद्धति का विस्तृत विवरण) (हिन्दी)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	250/-
3. श्री नाथ रहस्य (खण्ड-1, 2, 3) (अंग्रेजी अनुवाद)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	400/-
4. श्री नवनाथ (हिन्दी) (चरित्र दर्शन एवं साक्षात्कार विधि तथा अपेक्षित कार्य पूर्ति-विधि)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	65/-
5. श्री नाथ सिद्ध कवचम् (हिन्दी) (अपेक्षित कार्य सिद्धि एवं सुरक्षा कवच के लिये पाठ हवन के विधान)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	45/-
6. श्री नाथ सिद्ध कवचम् (अंग्रेजी)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	125/-
7. श्री नाथ सिद्ध पाठ (नाथ सिद्ध पाठ, गोरक्षनाथ तंत्र-मंत्र शबदी आरती, भजन इ. विधि विधान सहित)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	35/-
8. श्री प्राचीन भर्तृहरी गुफा महात्म्य (देश-विदेश के नाथ सिद्धों के तीर्थ स्थलों के पते/ विवरण)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	30/-
9. श्री गोरक्ष नाथ सिद्ध चालीसा (सरल हिन्दी अनुवाद स्तुति एवं आरती विधि सहित)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	6/-

पुस्तक सूची (हरिद्वार से प्रकाशित)	लेखक/संचालक	मूल्य
10. श्री गोरक्ष तंत्रम् (सरल हिन्दी अनुवाद तंत्र-मंत्र विधि)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	70/-
11. श्री नाथ सिद्धों की ॐकार सिद्धि (उपासना एवं साधना)	योगी विलासनाथ जी पुजारी	30/-
12. श्री नाथ सम्प्रदाय आरती-भजन संग्रह	योगी विलासनाथ जी पुजारी	45/-
13. श्री नाथ सिद्धों के मंत्र-तत्र टोटके (गुरु योगी विलासनाथ जी पुजारी)	महावीर सैनी	120/-
14. योगी सम्प्रदाय नित्यकर्म संचय	योगी भंभूलनाथ जी	30/-
15. गोरक्ष स्तवांन्जलि	योगी भंभूलनाथ जी	12/-
16. श्री गोरक्ष सहस्त्र नाम स्तोत्र	योगी भंभूलनाथ जी	36/-
17. शब्दावली व भजन	योगी भंभूलनाथ जी	10/-
18. गुरु गोरक्षनाथ शब्दावली (भजन)	महन्त सेवानाथ जी	15/-
19. अनुभव भजन माला	भोलानाथ जी योगी	10/-
20. भर्तृहरि निर्वेदनाटकम्	महाकवि हरिहर रचित	5/-
21. श्री नाथ चरित्र	योगी वीरनाथ जी	70/-
22. सिद्ध प्रयोग चिकित्सा	योगी वीरनाथ जी	8/-
23. श्री बाबा मस्तनाथ चरित्र	योगी शंकरनाथ जी	20/-
24. अस्थल बोहर मठ का संक्षिप्त इतिहास	योगी शंकरनाथ जी	100/-
25. श्री बाबा मस्तनाथ कथा	रामेश्वरनाथ जी	15/-
26. चन्द्रावतार सिद्ध चौरंगीनाथ (पूरण भगत)	शिवानी शर्मा	35/-
27. दिव्य भूमि मठ अस्थल बोहर एवं पूजनीय गुरुदेव	शिवानी शर्मा	100/-
28. श्री सिद्ध बाबा मस्तनाथ चालीसा	शिवानी शर्मा	10/-
29. श्री बाबा मस्तनाथ सहस्त्र नाम	शिवानी शर्मा	20/-
30. श्री मस्तनाथ चरितम् (बड़ी)	डॉ. सौभाग्यवती नान्दल	100/-
31. श्री मस्तनाथ चरितम् (छोटी)	डॉ. सौभाग्यवती नान्दल	30/-

पुस्तक सूची (गोरखपुर से प्रकाशित)	लेखक/संचालक	मूल्य
32. गोरखबाणी	रामलाल श्रीवास्तव	50/-
33. गोरख चरित्र	रामलाल श्रीवास्तव	30/-
34. गोरख दर्शन (हिन्दी फिलॉसफी)	अक्षय कुमार बेनर्जी	90/-
35. गोरख दर्शन	विजय पाल	50/-

पुस्तक सूची (गोरखपुर से प्रकाशित)	लेखक/संचालक	मूल्य
36. श्री नाथ सिद्ध चरितामृत	रामलाल श्रीवास्तव	30/-
37. गोरक्षनाथ एवं उनकी परंपरा का साहित्य	डा. दिवाकर पाण्डेय	40/-
38. आदर्श योगी	अक्षय कुमार बेनर्जी	25/-
39. योगासन	रामलाल श्रीवास्तव	30/-
40. सिद्ध सिद्धान्त पद्धत	रामलाल श्रीवास्तव	35/-
41. गोरक्ष सिद्धान्त संग्रह	रामलाल श्रीवास्तव	40/-
42. हटयोग प्रदीपिका	रामलाल श्रीवास्तव	35/-
43. योग बीज	रामलाल श्रीवास्तव	15/-
44. नाथ योग	अक्षय कुमार बेनर्जी	15/-
45. अमनस्क योग	अक्षय कुमार बेनर्जी	20/-
46. गोरक्ष पद्धति	रामलाल श्रीवास्तव	20/-
47. गोरक्ष शतक	रामलाल श्रीवास्तव	20/-
48. वैराग्य शतक	रामलाल श्रीवास्तव	20/-
49. गौरक्ष वैदिक पूजा पद्धत	वेदाचार्य रामानुज त्रिपाठी	20/-
50. विचार दर्शन (युग पुरुष महन्त दिग्विजय नाथ...ने कहा)	योगी आदित्यनाथ	20/-
51. प्रताप असी बावणी (कविता संग्रह)	मनोहर द्विवेदी	15/-
52. योगवाणी अंक (गोरखबाणी)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
53. योगवाणी (गोरक्ष चरित्र दर्शन)	गोरखनाथ मन्दिर	15/-
54. योगवाणी (नाथ सिद्ध चरित्रांक)	गोरखनाथ मन्दिर	40/-
55. योगवाणी (शिव संहिता)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
56. योगवाणी (सिद्ध दर्शन)	गोरखनाथ मन्दिर	15/-
57. योगवाणी (नाथ तीर्थ स्थल)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
58. योगवाणी (नाथ सिद्ध बानी)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
59. योगवाणी (गोरक्ष सिद्धान्त)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
60. योगवाणी (गोरक्ष ग्रन्थावली)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
61. योगवाणी (मत्स्येन्द्रनाथ अंक)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
62. योगवाणी (सर्व धर्म समभाव)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
63. योगवाणी (राष्ट्रीय एकता)	गोरखनाथ मन्दिर	25/-
64. योगवाणी (विशेषांक 1994)	गोरखनाथ मन्दिर	15/-

श्री नाथ सिद्ध यन्त्र
(विधि विधान द्वारा सिद्ध किये हुये)

साईज	ताम्बा (मूल्य)	तांबा (सिल्वर पॉलिश) मूल्य
3× 3 इंच	40/-	50/-
5×5 इंच	60/-	70/-
7×7 इंच	85/-	100/-
9×9 इंच	250/-	265/-
12×12 इंच	290/-	310/-

कैमरा फोटोग्राफ

गुरु गोरक्षनाथ, बाबा मस्तनाथ, बाबा सुन्दरनाथ, बाबा बालकनाथ, रतननाथ, नवनाथ, भैरव, ज्वालाजी, मृत्युंजय आदि सभी नाथ सम्प्रदाय-प्रासंगिक (चरित्रनुरुप) कैमरा फोटो।

साईज	कैमरा फोटो	लेमिनेटेड फोटो फ्रेम
छोटे फोटो P / C = 5 " X 3.5"	5/-	–
बड़े फोटो B / C = 7 " X 5"	10/-	35/-
नवनाथ स्वरुप B / C = 7 " X 5"	10/-	35/-
आगे आगे गोरख जागे BB / C = 10 " X 5"	25/-	
बड़ा फोटो B,B,B / C = 10 " X 8"	35/-	–

MP3-DVD-VCD (सी.डी.)

		MP3	DVD VCD
अमृतांजलि (भाग-1) गोरक्ष चालीसा, भजन इत्यादि	गायक-सोमनाथ शर्मा	35/-	50/-
अमृतांजलि (भाग-2) चौरासी सिद्ध चालीसा, भजन इ०	भजन रचना-योगी विलासनाथ	35/-	50/-
श्री नाथ सिद्ध पाठ भजन (भाग-1+2)	रचना-योगी विलासनाथ	80/-	100/-
श्री गोरक्ष वन्दना, भजन	रचना-योगी विलासनाथ	35/-	50/-
श्रीनाथ सिद्ध कवचम् (अंग्रेजी) कम्प्यूटर फ्लॉपी	रचना-योगी विलासनाथ	45/-	

कैलेण्डर फोटो

विवरण	साईज	कैलेण्डर फोटो	लेमिनेटेड फोटो फ्रेम
गुरु गोरक्षनाथ जी (मृगस्थली)	20 " X 14 "	25/-	160/-
गुरु गोरक्षनाथ जी (ब्रह्माण्ड)	22 .5" X 17. 5 "	25/-	160/-
गुरु गोरक्षनाथ जी (मृगस्थली)	14 " X 9 "	15/-	80/-
गुरु गोरक्षनाथ जी (मृगस्थली)	10 " X 7 "	10/-	40/-
गुरु गोरक्षनाथ जी (मृगस्थली)	7 " X 5 "	5/-	25/-
आगे-आगे गोरख जागे	16.5 " X 39. 5 "	30/-	225/-
बाबा मस्तनाथ जी	7 " X 5 "	3/-	25/-
बाबा मस्तनाथ जी	30 " X 17 "	10/-	–
श्री नवनाथ स्वरुप दर्शन	22 .5" X 17. 5 "	25/-	225/-
पोस्टकार्ड साईज फोटो	5"X3.5"	3/-	–

यन्त्र- (आर्ट पेपर पर रंगीन प्रिन्टेड)

यन्त्र विवरण	आर्ट पेपर पर प्रिन्टेड	लेमिनेटेड फोटो फ्रेम
श्री नाथ सिद्ध यन्त्र	5/-	65/-
सर्वतो महारुद्र नवनाथ चौरासी सिद्ध यन्त्र	5/-	65/-
श्री नाथ सिद्ध योगिनी यन्त्र	5/-	65/-
धरत्री गायत्री यन्त्र	5/-	65/-
उपरोक्त चारों यन्त्रों का सैट	20/-	250/-

कैसेट

गुरु गोरक्षनाथ चालीसा (भाग 1)	गायक - सोमनाथ शर्मा	30/-
चौरासी सिद्ध चालीसा (भाग 2)	गायक -सोमनाथ शर्मा	30/-
श्रीनाथ सिद्ध पाठ (भाग 1)	रचना-योगी विलासनाथ, गायक- अभिजीत	35/-
श्रीनाथ सिद्ध पाठ (भाग 2)	रचना-योगी विलासनाथ, गायक- अभिजीत	35/-
श्री गोरक्ष वन्दना (भाग 1)	रचना-योगी विलासनाथ, गायक- अभिजीत	35/-
श्री गोरक्ष वन्दना (भाग 2)	रचना-योगी विलासनाथ, गायक- अभिजीत	35/-
बाबा मस्तनाथ चमत्कार एवं महिमा भजन(1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 भाग)		प्रत्येक 25/-
अन्य नाथ सम्प्रदाय की भजन कैसेटें		35/-

लॉकेट, चाबी-छल्ले, कुण्डल इत्यादि

विवरण	मूल्य
लॉकेट (गुरु गोरक्षनाथ जी एवं बाबा मस्तनाथ जी के)	3/-, 5/-, 6/-, 20/-, 15/-, 25/-, 30/-
गुरु गोरक्षनाथजी एवं बाबा मस्तनाथजी के	5/-, 8/-, 10/-, 12/-, 20/-, 30/-
फोटो युक्त चाबी छल्ले एवं लॉकेट (नादि पवित्री, चन्दन लकड़ी, शीशे, पीतल, तांबे, प्लास्टिक इत्यादि)	25/-, 10/-, 40/-, 40/-, 20/-, 60/-
कुण्डल शीशा तथा रंगीन प्लास्टिक में	25/-, 30/-, 40/-
कुण्डल तारा मण्डल, चाइनीज बिलौरी पत्थर के आदि धातुओं में तथा रुद्राक्ष माला, कड़े इत्यादि	200/-, 500/-, 800/-, 1000/-
शंख (दक्षिण मुखी) प्रिन्टड गोरक्षनाथ जी के चित्र	250/-
कौड़ी के ऊपर प्रिन्टेड गुरु गोरक्षनाथ जी के चित्र	50/-

मूर्तियाँ (धातु में)

	नाम	साईज	वजन	मूल्य पीतल	मूल्य ब्रास (पीतल की पालिश)
1.	गुरु गोरक्षनाथजी पद्मासन में बैठी (मृगस्थली)	9 "	2 Kg	1100/-	800/-
2.	गुरु गोरक्षनाथजी पद्मासन में बैठी (मृगस्थली)	6 "	1 Kg.	800/-	700/-
3	आगे आगे गोरख जागे गोरक्षनाथ चलते हुये (खड़ी)	10 "	1.300gm.	1100/-	800/-
4.	आगे आगे गोरख जागे गोरक्षनाथ चलते हुये (खड़ी)	6 "	600gm.	500/-	
5.	बाबा मस्तनाथजी (बैठी) पद्मासन में	9 "	2 Kg.	1100/-	800/-
6.	बाबा मस्तनाथजी (बैठी) पद्मासन में	6 "	1 Kg.	800/-	700/-

शीशे के फ्रेम, मन्दिर

विवरण	मूल्य
गुरु गोरक्षनाथ तथा बाबा मस्तनाथ जी के फोटो शीशा फ्रेम (3×2 इंच, 5×3.5 इंच, 7×5 इंच)	20/-, 50/-
गुरु गोरक्षनाथ एवं बाबा मस्तनाथ जी के शीशा मन्दिर (बिजली) लाइट वाले	100/-, 200/-, 220/-, 500/-
गुरु गोरक्षनाथ एवं बाबा मस्तनाथ जी के फोटो शीशा फ्रेम (गाड़ियों में बैटरी चालित, लाईट वाले)	150/-

(मूल्य सूची में समयानुसार परिवर्तन सम्भव है।)

नोट - मूल्य + पार्सल खर्च मनीऑर्डर या संस्था के नाम D. D. भेजने पर साहित्य पोस्ट द्वारा V.P. L., V.P.P. से भेजा जायेगा।
अधिक मात्रा (थोक) में साहित्य का आर्डर भेजने पर छूट प्राप्त करें।

सम्पर्क - योगी विलासनाथ-मो.: 09412072703

पावन तीर्थ नगरी हरिद्वार में आने वाले भक्तजनों

हरिद्वार में हरकी पैड़ी के निकट श्री गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर में योगाचार्य गुरु गोरक्षनाथ जी के शिष्य भर्तृहरिनाथ जी की प्राचीन गुफा के दर्शन कर पुण्य के भागी बनें। इसी गुफा में 2500 वर्ष पूर्व भर्तृहरिनाथ जी ने नीति, वैराग्य एवं श्रृंगार की रचना की थी।

श्री गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर तथा श्री भर्तृहरि जी की प्राचीन गुफा

राजा भर्तृहरि नीति, वैराग्य, श्रृंगार तीनों के रचियता थे। श्री योगाचार्य गुरु गोरक्षनाथ जी महाराज के शिष्य हुए। उज्जैन-मालवा राजधानी छोड़कर श्री गंगा भागीरथी के तट पर हरिद्वार में श्री गोरक्षनाथ मन्दिर में गुफा का निर्माण करके यहां तपस्या की थी। उस समय से यह गुफा व मन्दिर यहां विद्यमान है। राजा विक्रमादित्य ने भर्तृहरि के नाम से हरकी पैड़ी का निर्माण किया था।

नोट : हरिद्वार में तीर्थ यात्रा पर आने वाले भक्तजन इस प्राचीन गुफा के दर्शन करके पुण्य लाभ प्राप्त करें।

पुस्तक प्राप्ति स्थान-**अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा, गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर (अखाड़ा) अपर रोड, हरिद्वार**

प्रकाशक-**श्री बाबा मस्तनाथ मठ, मठ अस्थल बोहर, जिला रोहतक, हरियाणा**